# समाचार

## राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम

## एक दिवसीय राष्ट्रब्यापी विशेष शिविर का आयोजन 12 अप्रेल को

कोरबा 10 अप्रैल 2015 –राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम के तहत 12 अप्रेल 2015 को 1 दिवसीय राष्ट्रब्यापी विशेष शिविर का आयोजन सभी मतदान केंद्रों में किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती रीनाबाबा साहब कंगाले द्वारा मतदाताओं से अपील की गई है कि वे उक्त एक दिवसीय राष्ट्रब्यापी विशेष शिविर का लाभ उठाएं।

डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कोरबा द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 12 अप्रेल 2015 रविवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों में सहज पंजीकरण एवं सहज संशोधन थीम पर राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय राष्ट्रब्यापी विशेष शिविर का आयोजन किया जाना है। उक्त शिविर में नाम जोड़ने हेतु प्रारूप 6 मय अपने फोटो सहित, नाम विलोपन अर्थात हटाने हेतु प्रारूप 7, नाम संशोधन अर्थात सुधार हेतु प्रारूप 8 तथा नाम स्थानांतरण हेतु प्रारूप 8 क एवं ऐसे मतदाता जिनके आधार कार्ड बन गए हैं वे अपने आधार कार्ड की छाया प्रति मतदान केंद्रों में बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं ताकि आधार कार्ड नंबर को मतदाता फोटो परिचय पत्र के डेटाबेस से जोड़ा जा सके।